DAINIK JAGRAN
Delhi
HINDI DAILY Readership: 55.7 million DATE: September 25, 2012 Page 17

यूएस के लिए नई वीजा प्रणाली

एजुकेशन, जॉब या टूर के लिए अमेरिका जाने की इच्छा रखने वालों के लिए वीजा प्रणाली में कई बदलाव लाकर इसे आसान बनाया गया है। भारत में नई प्रणाली कल से लागू हो रही है...

अमेरिका जाने वालों की राह आसान करने के लिए दूतावास द्वारा एक बिल्कुल नई वेबसाइट (www.ustravel docs.com/in) अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध कराई गई है, जो अमेरिकी वीजा के लिए आवेदन करने संबंधी सभी शंकाओं का समाधान करती है। इसके माध्यम से आप आवेदन पत्र भर सकते हैं, कौन से कागजात की जरूरत है इसका पता कर सकते हैं, वीजा आवेदन फीस का भुगतान कर सकते हैं और दूतावास या कांसुलेट में अपना इंटरव्यू निर्धारित कर सकते हैं।

भारतीय भाषाओं में सूचनाएं

अमेरिकी वीजा संबंधी औपचारिकताओं के लिए निःशुल्क कॉल सेंटर भी बनाया गया है, जहां टेलीफोन, ईमेल या ऑनलाइन चैट द्वारा संपर्क किया जा सकता है। खास बात यह है कि कॉल सेंटर एजेंट्स हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी, गुजराती, तमिल और तेलुगू में आपके प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। किसी भी वांछित सूचना का जवाब दो कार्यदिवसों के अंदर दे दिया जाता है। कॉल सेंटर के कार्य समय में वेबसाइट पर सीधे चैट भी कर सकते हैं।

शुल्क भुगतान

नई प्रणाली के अंतर्गत फीस भुगतान के पहले से ज्यादा विकल्प हैं। वीजा आवेदन शुल्क इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (ईएफटी) द्वारा या मोबाइल फोन से अदा किया जा सकता है। नई प्रणाली में फीस की रसीदें अधिक मात्रा में भी खरीद सकते हैं, जो कंपनियों और ट्रैवल एजेंटों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा है। भुगतान के एक घंटे के अंदर एक एसएमएस संदेश मिलेगा,जो बताएगा कि आपकी रसीद प्रभावी हो गई है और आप अपना अपॉइंटमेंट ले सकते हैं।

अपॉइंटमेंट्स

नई प्रणाली के अंतर्गत दो अपॉइंटमेंट लेने होंगे। यह एक बड़ा परिवर्तन है। आप अपॉइंटमेंट दूतावास की वेबसाइट या काल सेंटर पर फोन करके ले सकते हैं। पहला अपॉइंटमेंट ऑफसाइट कार्यालयों में से एक में फिंगरप्रिंट देने के लिए और दूसरा, कांसुलर इंटरव्यू के लिए। नई ग्लोबल अपॉइंटमेंट निर्धारण प्रणाली सामूहिक व शीघ्रता वाले अपॉइंटमेंट भी देगी।

फैसिलिटेशन सेंटर्स

ऑफसाइट फैसिलिटेशन सेंटर्स यानी ओएफसी में अपॉइंटमेंट के दौरान आपको अपने फिंगरप्रिंट और एक ताजी तस्वीर देनी होगी। अधिकांश आवेदकों को अपने फिंगरप्रिंट केवल एक ही बार देने होंगे।

वीजा स्टेटस

पासपोर्ट, वीजा, इमीग्रांट वीजा पैकेट्स और अन्य दस्तावेज भारत में 33 कागजात प्राप्ति केंद्रों पर एक सप्ताह के अंदर बिना किसी फीस के भेज दिए जाएंगे। जब आप अपना अपॉइंटमेंट लेंगे, तो आपसे उस केंद्र के बारे में पूछा जाएगा, जहां से आप दस्तावेज प्राप्त करेंगे। हमारी वेबसाइट का प्रयोग करके आप अपने वीजा आवेदन की प्रगति का पता कर सकते हैं और कागजात प्राप्त कर सकते हैं। आपका पासपोर्ट तैयार हो जाने पर ईमेल या एसएमएस से सूचित कर दिया जाएगा।

क्या नहीं बदलेगा?

इन बदलावों के बावजूद वीजा आवेदन फीस एक जैसी रहेगी। दूतावास या कांसुलेट में अमेरिकी कांसुलर अधिकारी आगे भी इंटरव्यू करते रहेंगे और लीगल स्टैंडर्ड्स में कोई बदलाव नहीं आएगा। आवेदकों को उपयुक्त वीजा श्रेणी की जरूरी शर्तों को आगे भी पूरा करना होगा, चाहे वे पर्यटन, बिजनेस या स्टूडेंट के रूप में जा रहे हों। ऐसे सभी लोगों को 10 वर्षीय मल्टीपल इंट्री वीजा देने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

जूलिया स्टैनली
(नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में मिनिस्टर काउंसिल फॉर कांसुलर अफेयर्स)